ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 48 ]
Total No. of Questions : 48 ]

**C**

**CCE PR**
**REVISED**
**FULL SYLLABUS**
**NSR & NSPR**

**Question Paper Serial No. 712**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**
**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ
# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Private Repeater / NSR & NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 15. 06. 2023 ] [ Date : 15. 06. 2023
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ प्रकार के कुल 48 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें । 8 × 1 = 8**

1. द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध को समाप्त करने वाली संधि थी

   (A) सलबाई समझौता

   (B) लाहौर समझौता

   (C) बेसिन ( Bassein ) समझौता

   (D) मद्रास समझौता

2. बैंगलोर-मैसोर रेलवे पथ के निर्माण का श्रेय जाता है

   (A) जयचामराजा वोडियार को

   (B) कृष्णराजा वोडियार IV को

   (C) चामराजेन्द्र वोडियार X को

   (D) राजा वोडियार को

3. यू० एन० सुरक्षा परिषद् में भारत के स्थाई स्थान की दावा का समर्थन करने वाला देश है

(A) यू० एस० ए० (B) ब्रिटेन

(C) रूस (D) फ्रांस

4. कर्नाटक में बाल मजदूरों को विद्यालय वापस लाने के लिए एस० एस० ए० (SSA) द्वारा नियोजित कार्यक्रम है

(A) कम बैक टू स्कूल (B) ड्रजरी टू स्कूल

(C) काली नाली (D) नाली काली

5. सतलज नदी पर निर्मित बहु-उद्देशीय नदी घाटी परियोजना है

(A) भाखड़ा-नंगल योजना

(B) हीराकुड योजना

(C) पँपासागर योजना

(D) नागार्जुनसागर योजना

6. भारत का सिलिकॉन नगर है

(A) मुम्बई (B) चेन्नई

(C) दिल्ली (D) बैंगलोर

7. बैंक द्वारा गहनों और मूल्यवान वस्तुओं के सुरक्षण हेतु लोगों को दी जाने वाली सेवा है

(A) बचत बैंक खाता सेवा

(B) सुरक्षित जमा लाकर सेवा

(C) सावधिक जमा सेवा

(D) चालू खाता सेवा

8. विकासशील देशों द्वारा अधिकतर रखे जाने वाले बजट का प्रकार है

(A) स्थिर बजट (B) घाटे का बजट

(C) संतुलित बजट (D) बचत का बजट

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें :** **8 × 1 = 8**

9. इटली में 'राष्ट्रीय फासिस्ट पार्टी' के संस्थापक कौन थे ?

10. तीन मूर्ति भवन का क्या महत्व है ?

11. मानवाधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?

12. महात्मा गाँधी अस्पृश्यता को क्या मानते थे ?

13. भारत में न्यूनतम दर्ज किया गया वर्षा वाला क्षेत्र कौन-सा है ?

14. कन्या भ्रूण हत्या क्या है ?

15. प्रत्यक्ष कर क्या है ?

16. कौन-सा विभाग राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र का निर्गमन करता है ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर दो से चार वाक्यों / बिंदुओं में दें :**

**18 × 2 = 36**

17. यूनेस्को ( UNESCO ) के कार्य क्या हैं ?

**अथवा**

औपनिवेशिक शासन के अधीनस्थ आर्थिक रूप से पिछड़े देशों के मुख्य लक्षण क्या हैं ?

18. सामाजिक स्तरीकरण एक देश से दूसरे देश में भिन्न कैसे है ?

**अथवा**

मूक घाटी ( silent valley ) आंदोलन का संगठन क्यों किया गया था ?

19. तीसरे आंग्ल-मराठा युद्ध के परिणाम क्या थे ?

20. गोवा पुर्तगालियों से मुक्त कैसे हुआ ?

21. चाय की खेती के लिए महत्वपूर्ण घटक क्या हैं ?

22. संप्रेषण का क्या महत्व है ?

23. 'उद्यमिता' एक सृजनात्मक क्रिया है । कैसे ?

24. पंच-वर्षीय योजना के क्या उद्देश्य हैं ?

25. वारेन हेस्टिंग्स द्वारा प्रस्तावित अदालतों के नाम बताइए ।

26. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत को किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

27. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख क्रांतिकारियों के नाम बताइए ।

28. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व के सम्मुख प्रमुख समस्या क्या थे ?

29. एफ० ए० ओ० ( F.A.O. ) के क्या उद्देश्य हैं ?

30. भारत में पर्यावरण संरक्षण हेतु आयोजित पर्यावरण आंदोलनों के नाम बताइए ।

31. भारत में चार जलवायुजन्य ऋतुओं का उल्लेख कीजिए ।

32. पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के नाम बताइए ।

33. किन्हीं दो आवास योजनाओं के नाम बताइए ।

34. उपभोक्ता अदालत के तीन चरणों का उल्लेख कीजिए ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों / बिंदुओं में दें : 9 × 3 = 27**

35. प्लासी ( Plassey ) के युद्ध के कारण एवं परिणामों का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

सहायक संधि स्वीकार करने वाले राज्यों को किन शर्तों को मानना पड़ा ?

36. भारतीयों के लिए हिमालय किस प्रकार उपयोगी है ?

**अथवा**

वर्तमान समय में हम भू-क्षरण का निवारण किस प्रकार कर रहे हैं ?

37. ग्रामीण विकास में पंचायत राज संस्थाओं के भूमिका का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

लोक वित्त के महत्व का संक्षेप में विवरण दीजिए ।

38. एक बैंक में खाता खोलने के लिए किन चरणों का पालन करना पड़ता है ?

**अथवा**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के उद्देश्य क्या हैं ?

39. प्रार्थना समाज द्वारा प्रवर्तित सुधारों की व्याख्या कीजिए ।

40. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध की विफलता के कारणों का उल्लेख कीजिए ।

41. भारत और यू० एस० ए० ( USA ) के बीच संबंध की व्याख्या कीजिए ।

42. अत्यधिक जनसंख्या वाले भारत में बेरोजगारी की समस्या का समाधान हम कैसे कर सकते हैं ?

43. चक्रवात से बचाव के पूर्वोपाय क्या हैं ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर लगभग आठ वाक्यों / बिंदुओं में दें :**

**4 × 4 = 16**

44. ब्रिटिश शिक्षा ने भारतीयों पर प्रभाव डाला । सत्यापन करें ।

**अथवा**

''कृष्णराजा वोडियार IV का योगदान मैसोर प्रांत के विकास के लिए अधिक है ।'' सत्यापन करें । ''

45. ''डॉ० बी० आर० अम्बेडकर एक महान समाज सुधारक थे ।'' सत्यापन करें ।

46. भारत सरकार द्वारा साक्षरता की वृद्धि के लिए क्या उपाय किए गए हैं ?

47. भारत में वन संरक्षण हेतु क्या उपाय किए गए हैं ?

**VI.** 48. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** **1 + 4 = 5**

a) दामोदर घाटी

b) भद्रावती

c) कान्डला

d) बैंगलोर ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 48 के बदले में )**

बहुउद्देशीय नदी घाटी योजना के मुख्य लक्ष्यों का उल्लेख करें । **5**